भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2591

09.03.2026 को उत्तर के लिए

मिष्टी योजना के तहत मैंग्रोव पुनर्स्थापन

2591. **श्री यदुवीर वाडियारः**

श्री अनुराग शर्माः

श्री जी.एम. हरीश बालयोगीः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तटरेखा आवास और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल (मिष्टी) योजना के तहत आंध्र प्रदेश के लिए जिलावार विशेष रूप से कोनासीमा जिले सहित राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में मैंग्रोव पुनर्स्थापन में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) तटरेखों को अपरदन के झेलने लायक बनाना, जैव विविधता का संरक्षण करने और तटीय समुदायों की सतत आजीविका को समर्थन देने के लिए मैंग्रोव विस्तार हेतु आंध्र प्रदेश के लिए जिलावार, विशेष रूप से कोनासीमा जिले सहित, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्वीकृत अपनाई गई कार्यान्वयन रूपरेखा क्या है;

(ग) उक्त योजना के तहत आंध्र प्रदेश के लिए जिलावार विशेष रूप से कोनासीमा जिले सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(घ) योजना के तहत पारिस्थितिक और आजीविका प्रभावों का आकलन करने के लिए आंध्र प्रदेश के लिए जिलावार, विशेष रूप से कोनासीमा जिले सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कौन से निगरानी और परिणाम संकेतक उपयोग किए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार का मिष्टी योजना को अतिरिक्त तटीय क्षेत्रों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो आंध्र प्रदेश के लिए जिलावार विशेष रूप से कोनासीमा जिले सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ग) जैसा कि केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित किया गया था, तटरेखा आवास और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल (मिष्टी) को मैंग्रोव को बहाल करने और विस्तारित करने तथा तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूलन को बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी के छह तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 9,536 हेक्टेयर नष्ट होते मैंग्रोव की बहाली के लिए राष्ट्रीय काम्पा के माध्यम से 88.44

करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा, राज्य/राष्ट्रीय काम्पा, मनरेगा और राज्य योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से 22,560.34 हेक्टेयर क्षेत्र को भी इसके अन्तर्गत लिया गया है।

आंध्र प्रदेश में, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा खण्ड में 500 हेक्टेयर सहित छह खण्डों में 1,401 हेक्टेयर की बहाली के लिए राष्ट्रीय काम्पा के माध्यम से 13.077 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1,280 हेक्टेयर को मिष्टी के तहत बहाली के लिए शामिल किया गया है। आंध्र प्रदेश के लिए जिले-वार विवरण सहित मिष्टी के तहत आवंटित, जारी और उपयोग किए गए क्षेत्र, आवंटित धन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। आंध्र प्रदेश के लिए भौतिक और वित्तीय प्रगति का जिले-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ख),(घ) और (ड.) मंत्रालय ने मिष्टी के कार्यान्वयन के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत तटीय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, संचालन की अनुमोदित वार्षिक योजनाओं और बजट उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय काम्पा के माध्यम से अंतर वित्त पोषण प्रदान करके राज्य/राष्ट्रीय काम्पा, मनरेगा और राज्य योजनाओं के साथ-साथ साझा प्रयासों के माध्यम से अनुमोदित कार्यकलापों को करते हैं। इस कार्यक्रम में मैंग्रोव वृक्षारोपण और मैंग्रोव बहाली जैसे मुख्य कार्यकलाप शामिल हैं, साथ ही वन सुरक्षा समितियों (वीएसएस) सहित स्थानीय समुदायों के माध्यम से कार्यान्वित समर्थन कार्यकलाप भी शामिल हैं।

निगरानी के लिए बहुस्तरीय प्रणाली की आवश्यकता होती है जिसमें राज्य स्तर पर जिसमें भू-टैग वाली तस्वीरें और .केएमएल फाइलें सहित स्थल निरीक्षण और भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना शामिल है। मैंग्रोव की उत्तरजीविता के आकलन के आधार पर सुधारात्मक कार्य किया जाता है। भारतीय वन सर्वेक्षण समय-समय पर सर्वेक्षणों के माध्यम से मैंग्रोव आवरण में परिवर्तन का आकलन करता है। पारिस्थितिक आवश्यकता, क्षेत्र सत्यापन, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव और धन की उपलब्धता के आधार पर अतिरिक्त उपयुक्त तटीय क्षेत्रों के विस्तार पर विचार किया जाता है।

*****

अनुलग्नक I

"मिष्टी योजना के तहत मैंग्रोव पुर्नस्थापन" के संबंध में श्री यदुवीर वाडियार, श्री अनुराग शर्मा, श्री जी.एम. हरीश बालयोगी द्वारा दिनांक 09.03.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2591 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

सारणी 1: राष्ट्रीय काम्पा से गैप-फंडिंग के ज़रिए मिष्टी के तहत क्षेत्र, आवंटित राशि, जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जिलों की संख्या	मिष्टी के तहत मैंग्रोव पुर्नस्थापन के लिए लिया गया कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	आवंटित/जारी धनराशि (रुपये करोड़ में)	उपयोग की गई धन (रुपये करोड़ में)
1	गुजरात	दो	7500	67.30	6.19
2	पश्चिम बंगाल	तीन	478	3.74	3.74
3	केरल	एक	13	1.68	0.47
4	पुदुचेरी	तीन	55	1.94	0.00
5	आंध्र प्रदेश	छह	1401	13.08	4.55
6	ओडिशा	चार	89	0.70	0.52
कुल			**9536**	**88.4**	**15.46**

सारणी 2: मिष्टी की शुरुआत से अब तक कन्वर्जेंस के ज़रिए मैंग्रोव पुर्नस्थापन

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	मैंग्रोव पुर्नस्थापन के लिए लिया गया कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	महाराष्ट्र	191.97
2	आंध्र प्रदेश	837.76
3	पुदुचेरी	6.00
4	लक्षद्वीप	0.006
5	गोवा	41.8
6	पश्चिम बंगाल	10
7	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	17
8	कर्नाटक	355
9	गुजरात	19220
10	ओडिशा	761
11	दादरा और नगर हवेली दमन और दीव	50.92
12	केरल	8.88
13	तमिलनाडु	1060
कुल		22560.34

अनुलग्नक II

"मिष्टी योजना के तहत मैंग्रोव पुर्नस्थापन" के संबंध में श्री यदुवीर वाडियार, श्री अनुराग शर्मा, श्री जी.एम. हरीश बालयोगी द्वारा दिनांक 09.03.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2591 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

सारणी: दिनांक 16.02.2026 तक मिष्टी के तहत आंध्र प्रदेश के लिए भौतिक और वित्तीय प्रगति का जिलेवार विवरण

क्र.सं.	ज़िला	कुल भौतिक लक्ष्य (हेक्टेयर में)	कुल भौतिक उपलब्धि (हेक्टेयर में)	कुल आवंटित धनराशि/ जारी किया (करोड़ों में)	उपयोग की गई कुल धनराशि (करोड़ों में)
1	बापतला	250	150	1.87	0.92
2	काकीनाडा	50	53	0.51	0.37
3	एलुरु	450	446	6.85	2.92
4	कृष्ण	101	21	0.98	0.02
5	डॉ. बी.आर.ए.कोनासीमा	500	535	4.73	2.84
6	तिरुपति	50	75	0.37	0.19
कुल		**1401**	**1280**	**15.31**	**7.26**

*****